(ग) इन हिन्दी अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) पिछले वर्ष के दौरान हिन्दी अधिकारी के किसी पद का सृजन नहीं किया गया।

(ख) पोर्ट लुई तथा पोर्ट आफ स्पेन स्थित हमारे मिशनों में द्वितीय सचिव (हिन्दी एवं भाषा) के 2 पद हैं तथा लंदन, काठमांडू पारामारिबो एवं जार्जटाउन स्थित हमारे मिशनों में अताशे (हिन्दी एवं संस्कृति) के 4 पद हैं। भारतीय मिशनों/केन्द्रों के माध्यम से विदेशों में हमारी राष्ट्रीय भाषा के संवर्द्धन के सभी प्रयास भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार किए जाते हैं।

(ग) हिन्दी अधिकारियों को उनके अपने-अपने तैनाती के देशों में हिन्दी के प्रचार-प्रसार तथा उससे सम्बद्ध अन्य पहलुओं का कार्य देखने की जिम्मेदारी सौंपी जाती हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण का पूरा किया जाना

36. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नवम्बर, 1995 तक राष्ट्रीय राजमार्गों में से एक लेन दो लेन और चार लेन कितने प्रतिशत मार्ग बनकर तैयार हो गए हैं;

(ख) क्या वर्ष 1995-96 के दौरान एक लेन वाले राजमार्गों को दो लेन वाले एवं दो लेन वाले मार्गों को चार लेन वाले मार्गों में परिवर्तित करने के संबंध में स्वीकृति दी गई थी तथा कितने राजमार्गों में इस तरह का कार्यजारी है; और

(ग) इन राजमार्गों का नाम सहित ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरमन): (क) इस समय 21% राष्ट्रीय राजमार्ग क० लेन के, 77% दो लेन के और 2% चार लेन के हैं।

(ख) और (ग) वर्ष 1995-96 के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 5, 10, 13, 30, 35, 39 और 4 पर लगभग 53 कि० मी० में दो लेन बनाने और 8 कि० मी० में चार लेन बनाने के लिए संस्वीकृति दी गई है।

Terrorist Network from England

37. SHRI SANJAY DALMIA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are aware that British citizens of Kashmiri origin are operating a network of terrorism from U.K.;

(b) whether Government have taken up the matter with the Government of U.K.; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI I. K. GUJRAL): (a) Government are aware that individuals and groups of Kashmiri origin in the UK are engaged in encouraging anti-India activities and propaganda as well as militancy in J & K.

(b) and (c) Through the High Commission of India in London as well as the British High Commission in New Delhi, Government keep the concerned authorities of the British Government informed on a continuing basis about the activities of anti-India groups operating in the UK.

राजमार्गों में उप-मार्गों का निर्माण

38. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजमार्गों में भीड़-भाड़ रोकने एवं उन पर दबाव कम करने हेतु वर्ष 1995 तक उप-मार्गों के निर्माण हेतु स्वीकृत अनुमोदनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) कितने उप-मार्गों का वास्तव में निर्माण-कार्य प्रारंभ किया गया है;

(ग) वास्तव में कितने उप-मार्गों के निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई है; और

(घ) निर्माणाधीन, स्वीकृत एवं आवश्यक अनुभव किए गए उप-मार्गों का ब्यौरा क्या है?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन): (क) से (घ) बाईपासों की योजना तथा निमार्ण एक सतत् प्रक्रिया है जो संसाधनों को उपलब्धता पर निर्भर करती है। तथापि, आठवीं योजना 1992—97 के दौरान 50 बाईपासों का पता लगाया गया है। निधियों के अभाव के कारण, अभी तक केवल 9 बाईपासों को स्वीकृति दी गई है।

12.00 NOON

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I have received a number of calling